एक बार तो आ मोहन हम दरश के प्यासे हैं

एक बार तो आ मोहन , हम दरश के प्यासे हैं !
बरसो से तरस रहे , जन्मों के प्यासे हैं !!

मीरा को दरश दिया , सबरी को दरश दिया ,
ओ मेरे मोहन , जिसको भी दिया तूने दरश ,
याद करते हैं उसको , सब बरसो बरस ,
याद करते हैं उसको , सब बरसो बरस ,

मीरा को दरश दिया , सबरी को दरश दिया ,
दोनों को दरश दिया, दोनों को तार दिया ,
प्रभु हम को भी दे दो दरश , हम दरश के प्यासे हैं ,
एक बार तो आ मोहन , हम दरश के प्यासे हैं ,

ना धन ही हमें भाया , ना यश ही हमें भाया ,
ओ मेरे मोहन , धन दौलत सब झूठी हैं माया ,
सब कुछ छोड़ के , तेरे दर आया ,
सब कुछ छोड़ के , तेरे दर आया ,

ना धन ही हमें भाया , ना यश ही हमें भाया ,
बस कीर्तन ही तेरा , मन को मेरे भाया ,
भजनों के रसिया हैं , भजनों के प्यासे हैं ,
एक बार तो आ मोहन , हम दरश के प्यासे हैं ,

रिश्तो से प्यार किया , रिश्तो ने धोका दिया,
ओ मेरे मोहन , रिश्ते सभी ये झूठे हैं सारे,
हम हैं मोहन बस तेरे सहारे,
हम हैं मोहन बस तेरे सहारे,

रिश्तो से प्यार किया , रिश्तो ने धोका दिया ,
जब प्रीत करी तुझसे , पल में तूने थाम लिया ,
थोड़ा प्यार हमें कर लो , हम प्यार के प्यासे हैं ,
एक बार तो आ मोहन , हम दरश के प्यासे हैं ,

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore
Voice - Jay Prakash & Priya Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34932/title/ek-baar-toh-aa-mohan-hum-darash-ke-pyase-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |